महत्वपूर्ण / समयबद्ध

पत्र संख्या-एस0एस0-मासिक रिटर्न दाखिला समीक्षा/ निर्देश-2016-17/ 210 / वाणिज्य कर

कार्यालय : कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 ।

(संख्या अनुभाग)

लखनऊ : दिनॉक : 27-5-2016

1 डिप्टी कमि0 खण्ड-2 शिकोहाबाद
2 डिप्टी कमि0 खण्ड-1 फतेहपुर
3 डिप्टी कमि0 सरधना
4 डिप्टी कमि0 खण्ड-1 कन्नौज
5 डिप्टी कमि0 खण्ड-7 आगरा
6 डिप्टी कमि0 खण्डर-4 गाजीपुर

वित्तीय वर्ष 2015-16 के अधिकारीवार रिटर्न एनॉल्सिस के मार्च-16 के एमआईएस से समीक्षोपरान्त **उपर्युक्त 06 खण्डों** के डिप्टी कमिश्नर (करनिर्धारण) के स्तर पर रिटर्न नाट फाईल का प्रतिशत सर्वाधिक पाया गया है । इस प्रकार उनके द्वारा इस दिशा में किया गया प्रयास स्पष्ट परिलक्षित नहीं होता है । इन्हीं खण्डों में नये पंजीयन के सापेक्ष अवशेष सर्वेक्षण की संख्या सर्वाधिक है ।

कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 द्वारा अपेक्षा की गयी है कि दि0 02-06-2016 को उक्त अधिक्षेत्र के अधिकारी, वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में पूर्वान्ह 10:30 बजे उनके समक्ष उपस्थित होकर यह प्रस्तुत करेंगे कि उनके द्वारा वर्ष 15-16 में रिटर्न दाखिल न करने वाले व्यापारियो के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है, क्या प्रयास किये गये है, किन परिस्थितियों में उनके खण्ड में मासिक रिटर्न के डीलर के द्वारा रिटर्न दाखिल नहीं किया गया है और किन कारणों से पंजीयन के सापेक्ष अवशेष सर्वेक्षण की संख्या अधिक है व सबसे पुराना पंजीयन किस दिनॉक का है, जिसका सर्वेक्षण नहीं किया गया है ।

अतः निर्देशित है कि कृपया उपर्युक्तानुसार नियत दिनांक व समय पर कमिश्नर महोदय के समक्ष लिखित तथ्यात्मक स्पष्टीकरण के साथ उपस्थित होकर स्थिति स्पष्ट करें ।

27/05/16

(बी0राम शास्त्री)
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश ।

पृ0 पत्र संख्या एवं दिनॉक : तदैव ।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. सम्बन्धित ज्वाइंट कमिश्नर (कार्य0) वाणिज्य कर व जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 ।
2. सम्बन्धित नोडल अधिकारी / ज्वाइंट कमिश्नर, वाणिज्य कर, मुख्यालय को इस आशय से कि साप्ताहिक बैठक में अपने नोडल जोन के अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करेंगे व कमिश्नर महोदय को अवगत करायेंगे ।
3. **उपर्युक्त डिप्टी कमिश्नर (कर निर्धारण) को बैठक में उपस्थित होने हेतु अनुपालनार्थ ।**
4. वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी / ज्वाइंट कमिश्नर (कमिश्नर कैम्प), वाणिज्य कर, मुख्यालय ।

27.5.16

(मनोज कुमार तिवारी)
ज्वाइंट डायरेक्टर (संख्या) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ ।